हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 1 मार्च 2026



# ऑटोमैटिक गन के साथ स्पाइडर मैन, छोटा भीम और मिकी माउस जैसी पिचकारियां


## शहर से लेकर ग्रामीण इलाके तक बाजार में सज गई दुकानें, हर्बल गुलाल की भी डिमांड

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

होली बाजार

रंगों के महापर्व को खास बनाने के लिए सप्ताहभर पहले ही बाजार में रौनक बढ़ने लगी है। इस बार बैटरी से चलने वाले ऑटोमैटिक गन के साथ ही रिचार्जेबल गन ही नहीं, बल्कि स्पाइडर मैन, छोटा भीम और मिकी माउस जैसे कार्टून के कैरेक्टर प्रिंट वाली पिचकारी बच्चों को भा रही है। इसे देखते हुए रिटेलर्स की धमक बाजार में बढ़ने लगी है।

इसे चलाने पर साउंड के साथ गन चलाने जैसा एहसास मिलने वाला है। इस बार रंगों की फुहार के लिए पिचकारी की दर्जनों नई वैरायटी बच्चों और युवाओं के लिए सजने लगी है। रिटेलर्स नए प्रोडक्ट की पूछपरख करने गोलबाजार पहुंच रहे हैं। शहर सहित ग्रामीण इलाकों में दिल्ली, मुंबई, कोलकाता से मंगाई गई पिचकारियों की धमक बढ़ने लगी है। इस बार हर्बल रंग और गुलाल ही नहीं, बल्कि बच्चों के लिए खास तरीके के तैयार की गई पिचकारी आकर्षण का केन्द्र है। रंगों के पर्व को देखते हुए सीमा में दुकान सजाने वाले रिटेलर्स ने कई विशेष पिचकारियां मंगाई है। ग्रामीण क्षेत्र के रिटेलर्स कम कीमत वाली पिचकारी के साथ हाईप्रोफाइल फैमिली के लिए बैटरी और रिचार्जेबल ऑटोमैटिक गन खरीद रहे हैं। होली से पहले लोग स्टाक में विविधता के लिए नए प्रोडक्ट की पूछ-परख भी करने लगे हैं। इधर आज से बाजार में ग्राहकों की भीड़ जुटने की संभावना जताई जा रही है।



### वॉटर टैंक और स्मोक शॉट की धूम

बच्चों में होली को लेकर खासा उत्साह होता है। इसे दोगुना करने के लिए इस बार बाजार में एयर गन के साथ वॉटर टैंक, सिलेंडर औक गुलाल सिलेंडर की 150 से लेकर हजार रुपए की विशाल रेंज है। बैटरी से चलने वाले गन से हर्बल गुलाल की फुहार के लिए बाजार मेंगुलाल गन देखने को मिलने वाला है। बंदूक पिचकारी पुराने दौर ही नहीं, बल्कि नए दौर के लिए भी डिजाइन की गई है। पाइप के साथ ही लोटे के शेप में बनाई गई पिचकारी की पूछपरख इस सीजन में भी रहने वाली है। इस बार वॉटर टैंक, बंदूक और स्मोक शॉट की धूम रहेगी।

### कार्टून कैरेक्टर प्रिंटेड पिचकारी

थोक बाजार में डिलर्स ने इस बार छोटे बच्चों की पसंद को ध्यान में रखते हुए एनीमेशन कैरेक्टर प्रिंटेड पिचकारी को भी मार्केट में सजाया है। इनमें डीपर एंड बनी, ट्रांसफार्मर और शिवा प्रिंट वाले पिचकारी के साथ ही वॉटर टैंक और गुलाल टैंक उपलब्ध करवाने वाले हैं। इस तरह की पिचकारी को बच्चों की पसंद को देखते हुए तैयार किया गया है। इसे रिटेलर्स आर्डर देने में रुचि ले रहे हैं। इस पिचकारी से उन्हें कमाई के साथ खरीदने वाले लोगों को भी फायदा मिलने वाला है, क्योंकि इसे संभालकर चलाने से कई सीजन में उपयोग किया जा सकेगा।

# तीसरी बार बदली तारीख, अब 25 मार्च से होगी 9वीं-11वीं सहित घरेलू परीक्षाएं

## जिलेभर में एक साथ होगी परीक्षा, प्रश्न पत्र तैयार करेगा शिक्षा विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेशभर में जहां 20 फरवरी से दसवीं-बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो गई है। वहीं अब 9वीं-11वीं सहित अन्य कक्षाओं की परीक्षा की तैयारियां शुरू कर दी गई है। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा सभी जिलों में शिक्षा विभाग को आदेश जारी कर पहली से 11वीं कक्षा तक की परीक्षाएं आगामी 25 मार्च से 10 अप्रैल के मध्य आयोजित करने कहा है।

बड़ी बात यह है कि परीक्षा की तारीख में तीसरी बार बदलाव किया गया है। लगातार हो रहे बदलाव के चलते बच्चों सहित उनके पालक भी परेशान हो रहे हैं। हालांकि शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अब तय की गई तारीख अंतिम है। इस अवधि के मध्य ही जिलेभर में सरकारी स्कूलों में वार्षिक परीक्षा का आयोजन कराया जाएगा। इधर बार-बार परीक्षा की तारीख में बदलाव किए जाने से बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बताया गया कि कुछ स्कूलों में पहले 25 मार्च की तारीख बताई गई थी, जिसे बाद में बदलकर पांच मार्च कर दिया गया था। अब लोक शिक्षण संचालनालय का आदेश आने के बाद दोबारा 25 मार्च से ही परीक्षा आयोजित की जाएगी।




### निजी व सरकारी में 5वीं-8वीं की परीक्षा लेगा शिक्षा विभाग

ज्ञात हो कि जहां सरकारी स्कूलों में पहली से 11वीं कक्षा तक की परीक्षाएं जिला शिक्षा विभाग आयोजित करेगा। वहीं निजी स्कूलों में केवल पांचवी एवं आठवी बोर्ड कक्षाओं की परीक्षा का आयोजन जिला शिक्षा विभाग द्वारा कराया जाएगा। इस बार 5वीं और 8वीं की बोर्ड परीक्षाएं 16-17 मार्च से शुरू होगी। यह परीक्षाएं सरकारी और अनुदान प्राप्त स्कूलों के लिए अनिवार्य है। जबकि सीबीएसई व आईसीएसई निजी स्कूलों को इससे छूट मिली है।

### जिला स्तर पर तैयार हुआ पेपर

मिली जानकारी के अनुसार जिला शिक्षा विभाग ने अपनी टीम के जरिये जिला स्तर पर ही प्रश्न पत्र तैयार करवा लिया है। जिला शिक्षा विभाग की तरफ से ही उसका प्रिंट करवाकर सभी सरकारी स्कूलों को भेजा जाएगा। ज्ञात हो कि सरकारी सहित आत्मानंद स्कूलों में भी 25 मार्च से 10 अप्रैल के मध्य ही परीक्षा का आयोजन कराया जाएगा।

### मूल्यांकन के कारण बदली परीक्षा तिथि!

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तीसरी बार तारीख बदलने के पीछे बोर्ड कक्षाओं के मूल्यांकन को कारण बताया गया। दरअसल वर्तमान में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाएं 20 फरवरी से जारी है, जो 18 मार्च तक चलेंगी। बोर्ड परीक्षाएं समाप्त होते ही उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य शुरू होता है। जिसमें सरकारी स्कूलों के शिक्षक ही मूल्यांकनकर्ता की भूमिका निभाते हैं। ऐसे में इस बीच परीक्षा आयोजित करने से दिक्कतें होती। यही कारण है कि अब 25 मार्च से परीक्षा ली जाएगी।

# होली से पहले होटल, ढाबा-लॉज संचालकों की बैठक, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



होली पर्व के मद्देनजर पुलिस ने होटल, ढाबा व लॉज संचालकों की बैठक लेकर दिशा-निर्देश दिए हैं। थाना लालबाग परिसर में सीएसपी वैशाली जैन, प्रशिक्षु सीएसपी सुमन जायसवाल, थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश पटेल एवं चौकी प्रभारी निरीक्षक दिलीप पटेल की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में थाना लालबाग, चौकी तुमड़ीबोड एवं चौकी सुकुलदैहान क्षेत्र अंतर्गत संचालित होटल, ढाबा एवं लॉज संचालक करीब 30-35 की संख्या में उपस्थित रहे।

बैठक में निम्न आवश्यक निर्देश एवं हिदायतें दी गई। जिसमें होली पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि, जुआ-सट्टा, अवैध शराब विक्रय एवं नशे का सेवन विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित, अनजान व्यक्तियों को बिना वैध पहचान पत्र के कमरा उपलब्ध न कराया जाए तथा आगंतुकों का पूर्ण विवरण रजिस्टर में दर्ज करने रात्रि में निर्धारित समय के पश्चात अनावश्यक भीड़ एकत्रित न होने दें तथा डीजे, लाउडस्पीकर का उपयोग शासन के निर्धारित मानकों के अनुरूप ही करने होटल और ढाबों की पार्किंग में समुचित व्यवस्था बनाए रखने, शराब प्रतिबंधित का बोर्ड तथा पुलिस कंट्रोल और थाना का नंबर चस्पा करने का निर्देश दिया गया। किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल थाना लालबाग अथवा संबंधित चौकी को देने कहा गया।

**आदेश के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई:** सीसीटीवी कैमरे सुचारू रूप से चालू रखें एवं रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में सभी संचालकों को सख्त हिदायत दी गई कि आदेशों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



## खबर संक्षेप

### शांति से होली मनाने का आह्वान



**चिचोला।** स्थानीय थाना परिसर में थाना प्रभारी योगेश पटेल ने होली पर्व को देखते हुए शांति समिति की बैठक का आयोजन किया। बैठक में ग्रामीणों से शांति पूर्वक होली त्योहार मनाने की बात कही गई। प्रभारी ने कहा कि गाँव में हुड़दंग करने वाले खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर पिनकापार सरपंच मंशाराम कंवर, संतोष कुमार, पूनाराम कुंजाम, गीतालाल यादव एवं आसपास के ग्रामीण उपस्थित थे।

### दस गांव में खुलेगी गौशाला



**छुरिया।** सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अंतर्गत गठिक गौ धाम समिति की बैठक जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में तहसीलदार विजय कोठारी, जनपद सीईओ होरीलाल साहू, सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी उपासना चंद्राकर, जीवन जंघेल, वेद यादव, श्री पडोटी आदि शामिल हुए। बैठक में विकासखंड के 10 स्थानों पर गौ धाम संचालन पर चर्चा की गई। बसाहट के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग, स्टेट हाइवे को दृष्टिगत रखते हुए स्थल चयन, उपलब्ध सुविधाएं, जमीन की उपलब्धता को भौतिक निरीक्षण करना तय किया गया।

### पोस्टर स्पर्धा में हेमलता प्रथम



**डोंगरगांव।** डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर महाविद्यालय में शनिवार को प्राचार्य डॉ एके धमगाये के निर्देशन में विज्ञान संकाय ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की। प्रतियोगिता का विषय विज्ञान प्रौद्योगिकी और नवाचाार में महिलाओं की समान भागीदारी और नेतृत्व को रेखांकित करते हुये विद्यार्थियों ने पोस्टर और चलित मॉडल प्रस्तुत किए। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम हेमलता वैष्णव, द्वितीय लैला पटेल एवं तृतीय स्थान पर सरिता साहू व पूर्णिमा यादव रहे। मॉडल स्पर्धा में प्रथम पूरनलाल एवं द्वितीय स्थान कुसुम पड़ौती ने प्राप्त किया। मुख्य अतिथि डॉ. त्रिलोक कुमार सहायक प्राध्यापक ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। संचालन चन्द्रशेखर दमगारे ने किया। इस मौके पर रेणुका ठाकुर, चंचल स्टेला कुजूर, मन्नूलाल नायक, जॉनसन प्रसाद चौधरी, अर्चना देवांगन, पवन देवांगन, गौरव देवांगन आदि उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी केन्द्र का भूमिपूजन



**अंबागढ़ चौकी।** नगर के वार्ड 6 कान्हे एवं वार्ड 11 पटेल पारा में 25 लाख की लागत से आगनंबाडी केन्द्र भवन का निर्माण होगा। गुरूवार को नगर पंचायत अध्यक्ष की उपस्थिति में भूमिपूजन किया गया। दोनो स्थानों पर अब तक आंगनबाड़ी केन्द्र किराए के मकान में संचालित हो रहा था जिससे कर्मचारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पडता था। भूमिपूजन के मौके पर पार्षद विनोद डेहरिया, कविता यादव, महेश यादव, प्रशांत शर्मा, बंटी यादव, योगेश्वरसिंह ठाकुर, रतन देवांगन, केतु चंदेले , केजू लहुरिया, मनोज चंदेले, उमाशंकर देवांगन, डोमन पटेल, दीपक मंडावी, सुलोचना तितराम, रामेश्वरी मंडावी, अंजली श्रीवास्तव, रामहीन मंडावी, दुलेश्वरी मंडावी आदि उपस्थित थे।

### किसान मोर्चा के महामंत्री बने अजय



**डोंगरगढ़।** भाजपा ने अजय शर्मा को किसान मोर्चा का महामंत्री नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया। महामंत्री बनने पर भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री, भाजपा नेताओं, महिला मोर्चा अध्यक्ष सहित अन्य ने उन्हे बधाई दी है। अजय शर्मा ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

### सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक की मांग

**डोंगरगढ़।** मां बम्लेश्वरी मंदिर परिसर एवं मेला क्षेत्र को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त घोषित करने की मांग को लेकर पर्यावरण संरक्षण गतिविधि इकाई के सदस्यों ने ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम, पालिका सीएमओ, मां बम्लेश्वरी मंदिर समिति के अध्यक्ष से मुलाकात कर मंदिर एवं मेला परिसर में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की । उन्होंने ज्ञापन में बताया कि पर्व एवं मेला के दौरान प्लास्टिक थैलियां, गिलास, बोतलें, प्लेटें आदि को उपयोग के बाद इधर-उधर फेंक दिया जाता है जिससे पर्यावरण प्रदूषण, स्वच्छता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है साथ पशु-पक्षियों के लिए खतरा उत्पन्न होता है। पर्यावरण गतिविधि के विभाग संयोजक मनोहर चंदेल ने कहा कि धार्मिक स्थलों को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त रखना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर प्रकाश यादव, जागेश्वर निषाद, विश्वनाथ यादव, अजय ठाकुर, रितेश सक्सेना, मुकेश कांडे, सतीश यादव, निर्भय लिल्हारे, संतोष देवंगन, मनोज गुप्ता आदि मौजूद थे।

### श्याम बाबा की निकली शोभायात्रा



**डोंगरगढ़।** शहर में श्याम बाबा की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मुकेश भूत के निवास स्थान प्रारंभ होने के बाद नगर भ्रमण करते हुए वापस मुकेश भूत के यहां पहुंची। यहां रात आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। शोभायात्रा में शामिल महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। महिलाएं हाथ में निशान लिए और श्याम बाबा का जयकारा लगाते हुए उत्साहित दिखाई दी। शोभायात्रा में लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, कैलाश गोयल, अनिल भूत, गिरधारी नरेड़ी, चेतन अग्रवाल, कन्हैया अग्रवाल, तरुण अग्रवाल, संदीप पचेरीवाला, पूनम बिंदल, मोनू बिंदल, हरीश भंडारी, मनमोहन शामिल हुए। संचालन मयूर भूत ने किया।

## अंबागढ़ चौकी और डोंगरगढ़ में स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन का आयोजन

# सेहत पर चर्चा, समस्याओं का समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन में ब्लाक के सैकडों ग्रामीणों की समस्याओ का निराकरण किया गया। सम्मेलन के माध्यम से लोगो में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने तथा स्थानीय स्तर की समस्याओं के निराकरण का प्रयास किया गया।

ब्लाक मुख्यालय में मितानिनों ने विकासखंड स्तरीय पंचायत सम्मेलन का आयोजन किया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी, विषेष अतिथि जिला पंचायत सदस्य शांति त्रिपुरे, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश सिन्हा, किशोर यादव थे। इस दौरान चिल्हाटी, पेंदलकुही, कोरचाटोला, परसाटोला, कुदुरघोडा, मुडपार , खडखडी के पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे। सम्मेलन के प्रारंभ में मितानिन पंचायत समन्वयक शोभारानी ने आयोजन के उददेश्यकी जानकारी दी। कार्यक्रम में बीएमओ डॉ आरआर ध्रुवे, बीपीएम विनोद यादव, सत्तर मालेकर, संजना कोसरे, कल्पना बांबेशर, केशरी साहू, ईश्वरी चन्द्रवंशी, पुष्पा टेर्मुने आदि मौजूद थे।



#### मितानिनों को मिले वेतनः अनिल

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कहा कि जनसामान्य को बुनियादी तथा मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने वाली मितानिनें स्वास्थ्य विभाग में रीढ की हडडी की तरह कार्य कर रही है। उनके योगदान को देखते हुए शासन को वेतन देने का विचार करना चाहिए। इसेंटिव में कार्य करने वाली मितानिनो को 24 घंटे काम करने एवज में तीन- चार हजार मिलता है जो गुजारे के लिए अपर्याप्त है।

#### उत्कृष्ठ सेवा करने वाले सम्मानित

सम्मेलन में उत्कृष्ठ कार्य करने वाली मितानिनों एवं ग्राम स्वास्थ्य समिति से जुडे लोगों को सम्मनित किया गया। कार्यक्रम में छछनपाहरी की ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति के सभी सदस्यो को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मितानिन चित्ररेखा सलामे, सरिता सेन, पिंकी दूधनाग को भी सम्मानित किया गया।

#### 292 समस्याओं का निराकरण

स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन के माध्यम से कुल 292 ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण किया गया। इस वर्ष पंचायत सम्मेलन में केवल 38 समस्याएं आई। संचालन तुलेश्वरी फुलकौरे, अलका निकोडे एवं आभार ज्ञापन ब्लाक समन्वयक कल्पना बांबेशर ने किया।

#### नहीं आए अफसर

स्वास्थ्य एवं पंचायत सम्मेलन में प्रायः सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहते है लेकिन कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अलावा ब्लाक मुख्यालय का कोई भी विभागीय प्रमुख शामिल नहीं हुआ। सम्मेलन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, शिक्षा, वन, पीएचई, कृषि, आरईएस, बिजली, लोक निर्माण सहित कई अन्य विभाग के अधिकारी नहीं आए।

### कुपोषण मुक्त गांव बनाने में मितानिनों की भूमिका

**डोंगरगढ़।** विकासखंड स्तरीय स्वस्थ्य पंचायत सम्मेलन तथा जनसंवाद का आयोजन बम्लेश्वरी छीरपानी परिसर में किया गया। सम्मेलन में पंचायत, निकाय के जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं अधिकारी शामिल हुए। सम्मेलन के उद्देश्य पर सुनीता वर्मा एवं अन्य वक्ताओं ने विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान डॉ संजीव उपाध्याय, डॉ नेतराम नवरतन, डीपीएम संदीप ताम्रकार, अनिल श्रीवास्तव, दिलीप बारले मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनिता धुर्वे, आशा कन्नौजे, सुनीता वर्मा, सकुन दास मानिकपुरी आदि की भूमिका रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ मितानिन बहनों ने ओम का उच्चारण करा कर किया। भारत माता की आरती पं. अभय बाजपेई ने संपन्न कराया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, अनीता मांडवी, जनपद अध्यक्ष लता सिंहा, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, हीराराम वर्मा, तेजराम, गिरजावती कंवर, सरिता मांडवी, कमलेश्वर वर्मा, ईश्वरी साहू, कविता धुर्वे, नंदकिशोर कंवर, अश्वनी कुमार, कविता मंडावी, संजय उईके, हरीश मोटघरे, शिवांगी साखरे, शारदा यादव, देवेंद्र साखरे, अनीश निर्मलकर अनिल लंगेवार आदि शामिल हुए।



#### समस्याओं का निदान

मितानिन नोडल अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि सम्मेलन में कुल 140 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें जनपद के 5, स्वास्थ्य विभाग 78, महिला एवं बाल विकास 3, निर्माण कार्य 29, पीएचई 11, खाद्यान्न योजना 5, रोजगार गारंटी 2, सड़क,भवन निर्माण के 7 आवेदन शामिल थे। इन आवेदन को निराकृत करने कहा गया है।

#### कुपोषण से शीघ्र मुक्ति का प्रयास

मुख्य अतिथि किरण साहू ने कहा कि मितानिनों द्वारा समस्याओं के समाधान पर बल दिया जा रहा है, जिसके अच्छे परिणाम सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और जन समुदाय की भागीदारी बढ़ाने के लिए मितानिनों निरंतर प्रयास किया जा रहा है जो शुभ संकेत है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नवरतन ने मितानिनों की कार्य पद्धति पर विश्वास जताते हुए कहा कि उनके माध्यम से स्वस्थ समाज एवं कुपोषण मुक्त ग्राम का निर्माण होगा। पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने कहा कि वह मितानिनों के साथ कार्य करने तैयार है। जनपद अध्यक्ष लता सिन्हा ने समस्याओं के निराकरण का वादा किया। इस मौके पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली बहनों एवं सरपंच को सम्मानित किया गया। आयोजन समिति ने डॉ संजीव उपाध्याय को अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया। संचालन आरती साहू , रामेश्वरी एवं आभार प्रदर्शन सकुनदास एवं ज्योति ने किया।

## 100 क्विंटल से अधिक राशन की हेराफेरी, दुकान निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्राम खुबाटोला राशन दुकान में हेराफेरी का बड़ा मामला प्रकाश में आया है। अब तक हुई जांच में 100 क्विंटल से अधिक चावल, शक्कर एवं नमक की हेराफेरी की पुष्टि हुई है।

उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत खुबाटोला के ग्रामीणों ने जनवरी मे राशन नहीं मिलने की शिकायत पर अनुविभागीय अधिकारी एम भार्गव से की थी।मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने खाद्य निरीक्षक का जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। जानकारी के अनुसार उचित मूल्य दुकान खुबाटोला का संचालन मां वैष्णो देवी महिला मंडल द्वारा किया जा रहा था, जिसकी अध्यक्ष कुंतीबाई नेताम एवं सचिव हसीना टेकाम है।

#### जांच में कम मिला राशन

जानकारी के अनुसार खाद्य निरीक्षक ने सरपंच, सचिव, दुकान संचालक एजेंसी अध्यक्ष, विक्रेता सुनील चंद्रवंशी एवं ग्रामीणों के समक्ष जांच किया। जांच में चावल 104.86 क्विंटल, शक्कर 0.85 क्विंटल, नमक 1.06 क्विंटल कम पाया गया। खाद्यान्न वितरण में अनियमितता पाए जाने पर दुकान की संचालक एजेंसी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

**दोषियों पर कार्रवाई शेष** गरीबों को मिलने वाले अनाज की हेराफेरी करने के मामले में दुकान संचालकों पर कार्रवाई होना शेष है। ग्रामीणों ने मामले की पूरी जांच कर कार्रवाई करने की मांग एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर की है।

## देशहित में काम करें छात्र : ठाकुर



**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय में शनिवार को प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य ने महान भौतिकशास्त्री डॉ सीवी रमन की उपलब्धियों से प्रेरणा लेते हुए छात्रों को समाज के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने एवं देशहित में कार्य करने प्रेरित किया । कार्यक्रम समन्वयक चंद्रकांत कुंभकार ने छात्रों के स्मृति विकास हेतु खेल का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम शब्दों से मुहावरे तथा सार्थक शब्द निर्माण खेल में विजेता लक्ष्मी, डामिन, ओमलता, लक्ष्मी एवं भावना रहे । तदोपरांत व्यक्तिगत खेल फ्लिप द कप एवं फाइंड द नंबर्स में प्रथम खुमेश्वरी साहू, द्वितीय योगेश निषाद रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथि व्याख्याता डॉ संजू सिंह, डॉ काव्या जैन, डॉ हेमलता विरदी, कंचन साहू, शुभि जैन, चांदनी पराते, योगिता ठाकुर, संध्या गावरे, खेलन साहू, ओमप्रकाश सहारे उपस्थित थे।

## शांति समिति की बैठक से भाजपा नेताओं ने बनाया दूरी, शहर में जमकर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

थाना परिसर में शुक्रवार को आयोजित शांति समिति की बैठक में भाजपा पदाधिकारियों की अनुपस्थिति पर शहर में व्यापक चर्चा है।

जानकारी के अनुसार शांति समिति की बैठक गुरुवार को दोपहर 2 बजे प्रस्तावित थी। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि बैठक की सूचना समय पर नहीं मिलने के कारण वह शामिल नहीं हो सके। जब जानकारी मिली, तब तक बैठक का समय निकल चुका था। इसी समय भाजपा मंडल ने कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर बैठक आयोजित किया था, जिसमें कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। शांति समिति की बैठक से दूरी का एक प्रमुख कारण माना जा रहा है। पुलिस ने गुरुवार को शाम 4.30 बजे भाजपा ग्रामीण मंडल के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ बैठक कर शांति व्यवस्था पर चर्चा की। दूसरे दिन शुक्रवार को शहर वासियों एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। समय परिवर्तन की सूचना सभी तक नहीं पहुंच सकी, जिससे कुछ नेता बैठक से दूर रहे। शहर भाजपा अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआना ने स्पष्ट किया कि वह पारिवारिक कार्य से जिला मुख्यालय गए थे, जिस कारण बैठक में शामिल नहीं हो सके। वहीं थाना प्रभारी संतोष जायसवाल ने बताया कि गुरुवार को दोपहर 2 बजे बैठक निर्धारित थी, लेकिन जनप्रतिनिधियों की कम उपस्थिति के चलते शुक्रवार को 11 बजे पुनः आयोजित किया गया।

## किसानों को मिली धान की बोनस राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



कृषक उन्नति योजना अंतर्गत अदान सहायता वितरण समारोह एवं वृहद किसान सम्मेलन का आयोजन स्थानीय कृषि उपज मंडी में किया गया। किसानों को धान बोनस भुगतान के कार्यक्रम सीधा प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल थे। अध्यक्षता जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, प्रदेश किसान मोर्चा के अध्यक्ष मूलचंद लोधी, जनपद अध्यक्ष लता सिन्हा, जिपं सभापति अनिता मंडावी, विजेन्द्र ठाकुर, जैन कुमार मेश्राम, मनोज कांडे, सुरेश वर्मा, मनीष सोनी थे। इस मौके पर अधिक धान बेचने वाले किसानों को श्रीफल, साल देकर सम्मान किया गया। उक्त मौके पर श्री बघेल ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों को उन्नत बनाने का वादा किया था उसे पूरा किया है। इस मौके पर जनपद सीईओ भगवती साहू, तामेश्वर वर्मा, अनिल सिन्हा, अमर साहू, बीएल चंद्रवंशी, ललित साहू, बीपी नागपुरे, योगेश शर्मा, प्रकाश, हेमलाल साहू, ईश्वर श्रीवास, घनश्याम टंडन, नीलकंठ साहू, सोहन कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## तीन दिनों से भटक रही मुगलानी की महिला को पुलिस ने पहुंचाया ससुराल



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

शुक्रवार की रात स्थानीय पुलिस ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए शहर में बीते तीन दिनों से भटक रही एक महिला को न सिर्फ संरक्षण दिया बल्कि उसे सुरक्षित ससुराल तक पहुंचा कर परिजनों के हवाले किया।

जानकारी डोंगरगढ़ ब्लॉक के ग्राम मुगलानी की पूर्णिमा को बीते तीन दिनों शहर के विभिन्न स्थानों पर देखा जा रहा था। शुक्रवार की रात को वह एटीएम के पास बैठी थी जिस पर नजर पड़ने पर कांग्रेस नेता गोपाल टावरी ने आवश्यक जानकारी ली। महिला के साथ अनहोनी होने की आशंका को देखते हुए उन्होंने पुलिस को सूचना देकर आवश्यक पहल करने का आग्रह किया। थाना प्रभारी आशीर्वाद रहटगांवकर ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस स्टाफ को महिला को थाना लाने निर्देशित किया। थाना में परिजनों की आवश्यक जानकारी लेने के बाद पुलिस ने उसे ससुरली ग्राम मुगलानी पहुंचना तय किया। देर रात की श्री रहटगांवकर के निर्देश पर अनिल यादव, हेमंत सूर्या, भूमिका यादव ने श्री टावरी के साथ मुगलानी जाकर महिला को परिजनों के सुपुर्द सौंपा। महिला के वापस घर आने पर परिजनों ने प्रसन्नता जताते हुए पुलिस की इस पहल के लिए आभार जताया है।

## जबरन किसी को रंग गुलाल न लगाएं : संजय



**खड़गांव।** स्थानीय थाना परिसर में आयोजित बैठक में आसपास के सरपंच, सचिव, कोटवार और पंच सहित अन्य शामिल हुए।इस बैठक का आयोजन थाना प्रभारी संजय यादव ने होली त्यौहार को देखते हुए रखा था। बैठक में होली पर जबरदस्ती रंग गुलाल नहीं लगाने, बिजली तार के नीचे और सड़क पर होलिका दहन न करने, त्यौहार भाई चारे और शांति पूर्वक मनाने कहा गया। बैठक में शिव मंदिर और शीतला माता मंदिर को लेकर भी चर्चा की गई। थाना प्रभारी श्री यादव ने स्पष्ट कहा कि अगर कोई भी व्यक्ति अगर मंदिर पर दर्शन करने जाने पर मना करता है तो उस पर कार्यवाही हो सकती है इसलिए किसी भी व्यक्ति को दर्शन करने से मना न किया जाए। उन्होंने बताया कि शराब सेवन कर वाहन चलाने पर दस हजार का दंड लगाया जा सकता है। बैठक में व्यापारी संघ के जितेंद्र गुप्ता, तोमन साहू सहित आसपास के ग्रामीण शामिल हुए।

### चौरे ने दाखिल किया पर्चा

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पद के लिए वर्तमान प्रदेश महामंत्री योगेश चौरे ने नामांकन प्रस्तुत किया। उनके प्रस्तावक दंतेवाड़ा जिलाध्यक्ष सनकू कर्मा बने। इस दौरान सूरजपुर जिलाध्यक्ष आदेश रवि ने अपना समर्थन दिया। नामाकंन दाखिलेक के दौरान राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा, रायपुर, सूरजपुर, बलरामपुर सहित विभिन्न जिलों के कर्मचारियों के अलावा वर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष बिंदेश्वरराम रौतिया, चुनाव अधिकारी घनश्याम शर्मा मौजूद थे। मतदान आगामी 28 मार्च को होगा।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### किसानों के खाते में आया पैसा



**छुईखदान।** धान का बोनस होली से पहले खातों में आने से क्षेत्र के किसान खुश नजर आ रहे हैं। बोनस की राशि सीधे बैंक खातों में जमा होने से गांवों में उत्साह का माहौल है। झूरानदी के किसान आनंद सिन्हा ने बताया कि आज का दिन किसानों को बेहद खुशी देने वाला है। होली के दो दिन पहले खातों में राशि पहुंचना किसानों के लिए बड़ी राहत है। उन्होंने कहा कि विष्णु देव साय सरकार का यह सराहनीय निर्णय है। जनपद पंचायत कार्यालय में किसानों को प्रमाण पत्र प्रदान कर योजना की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि शासन की मंशा किसानों को समय पर आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराना है, ताकि त्योहार के अवसर पर किसी प्रकार की आर्थिक परेशानी न हो। बोनस की राशि मिलने से क्षेत्र के किसानों में खुशी और उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।

### खग्रास चन्द्रग्रहण 3 को

**डोंगरगढ़।** आगामी 3 मार्च को चन्द्रग्रहण होने की वजह से मंदिर का पट 3 मार्च को प्रातः 8.45 बजे से रात्रि 7.30 बजे तक बंद रहेगा। ग्रहण का सूतक 3 मार्च को प्रातः 9.7 बजे प्रारंभ होगा। ग्रहण स्पर्श संध्या 6. 7 बजे, ग्रहण मोक्ष संध्या 6.47 बजे होगा। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा संचालित सभी मंदिर के पट 3 मार्च को प्रातः 8.45 बजे बंद कर दिया जाएगा।

### होली हंगामा आज

**राजनांदगांव।** शहर के गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम गौरवपथ में कल 1 मार्च को सुबह 10 बजे होली हंगामा कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस दौरान मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव होंगे। अध्यक्षता कोमल सिंह राजपूत जिला भाजपा अध्यक्ष, श्रीमती हेमा देशमुख पूर्व महापौर, पारस वर्मा अध्यक्ष नगर पालिक निगम, सचिन अग्रहरि अध्यक्ष प्रेस क्लब, संतोष पिल्ले नेता प्रतिपक्ष, सुश्री अंकिता शर्मा पुलिस अधीक्षक करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पवन डागा, रूपेश दुबे, किशुन यदु, ऋषिदेव चौधरी, मोनू बहादूर सिंह, उज्वल कसेर, गोलू गुप्ता, परवेज अहमद, चिंटू सोनकर, प्रखर श्रीवास्तव, राहुल मिश्रा, प्रिंस प्रशांत हाथीबेड़े होंगे।

## निधन

### सरस्वती यादव

**राजनांदगांव।** दीवानपारा निवासी सुश्री सरस्वती यादव का आज शाम आकस्मिक निधन हो गया। वे काफी दिनों से अस्वस्थ थी। उनकी शव यात्रा कल 01 मार्च को सुबह 10.30 बजे दीवानपारा से मुक्तिधाम लखोली के लिए निकाली जाएगी। सरस्वती यादव कोसरिया यादव समाज के जिला उपाध्यक्ष सुनीता यादव की डेढ़ सास और नगर अध्यक्ष सूरज यादव की मौसी थी।



### साय सरकार सुशासन की सरकार: प्रभारी मंत्री यादव

# सवा लाख किसानों के खाते में पहुंची साढ़े चार सौ करोड़ रुपए अंतर राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज बिलासपुर जिले के बिल्हा विकासखंड से कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि वितरण एवं वृहद किसान सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल हुए और कृषक उन्नति योजना अंतर्गत प्रदेश के 25 लाख 28 हजार से अधिक पंजीकृत धान एवं धान बीज उत्पादक किसानों को 10.324 करोड़ रुपए की राशि उनके खाते में अंतरित की। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में जिले के प्रभारी मंत्री एवं स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधि-विधायी कार्य विभाग मंत्री गजेन्द्र यादव आज गांधी सभागार म्युनिसिपल स्कूल मैदान में आयोजित जिला स्तरीय कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि वितरण एवं वृहद किसान सम्मेलन में शामिल हुए।

इस अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री एवं स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि राज्य शासन द्वारा होली त्योहार के अवसर पर कृषक उन्नति योजना के तहत प्रदेश के 25 लाख 28 हजार से अधिक किसानों को 10.324 करोड़ रुपए की राशि उनके खाते में अंतरित की जा रही है। जिसमें राजनांदगांव जिले के 124101 किसानों को 454 करोड़ 12 लाख रुपए से अधिक की राशि का भुगतान किया जा रहा है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 की धान खरीदी समाप्त होने के एक माह के भीतर कृषक उन्नति योजना के तहत प्रदेश के 25 लाख से अधिक किसानों को धान विक्रय की राशि का भुगतान कर दिया गया है, जो इस बात का प्रमाण है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार सुशासन की सरकार है। इस दौरान समिति में धान विक्रय करने वाले अधिकतम एवं न्यूनतम रकबा वाले कृषकों तथा ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य फसल लेने वाले किसानों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिमा चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य देवकुमारी साहू, पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, कोमल सिंह राजपूत, खूबचंद पारख, कलेक्टर जितेन्द्र यादव, वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा आदि उपस्थित थे।



### अन्य फसलों पर भी अंतरण की राशि

जिले के प्रभारी मंत्री एवं स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की 70 लाख से अधिक महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपए की राशि का भुगतान समय पर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि धान के बदले कोदो, कुटकी, रागी, सोयाबीन, गन्ना सहित अन्य फसल लेने वाले किसानों को प्रति एकड़ 10 हजार रुपए अंतरण की राशि प्रदान की जा रही है।

### मिलैट्स और जैविक खेती में आगे बढ़े किसान

छत्तीसगढ़ में सोयाबीन खेती की शुरूआत राजनांदगांव जिले से हुई थी। जिसका लाभ आज किसानों को मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खेती से किसानों की आय बढ़ाने निरंतर कार्य कर रहे हैं। बाजार में मिलैट्स की मांग है। उन्होंने किसानों से अलसी, कोदो, कुटकी, रागी सहित अन्य पुरातन एवं जैविक खेती को अपनाने की अपील की।

### ब्लॉक स्तर पर आयोजन

जिले के 124101 किसानों को 454 करोड़ 12 लाख रुपए से अधिक की राशि का भुगतान किया गया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वेब कॉस्ट के माध्यम से जिला एवं विकासखंड स्तर में आयोजित समारोह में किया गया। जिससे बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं किसान जुड़े रहे।

# केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का किया पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

एप्स्टीन फाइल्स मामले में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का नाम कथित तौर पर सामने आने के बाद राजनीतिक गलियारों में भूचाल आ गया है। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती अल्का लांबा और प्रदेश अध्यक्ष फूलों देवी नेताम के निर्देश पर जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती आरती रिंकू महोबिया के नेतृत्व में खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के गंडई में जबरदस्त धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान आक्रोशित कांग्रेसियों ने केंद्रीय मंत्री का पुतला दहन कर उनके इस्तीफे की पुरजोर मांग की।

कार्यकर्ता सबसे पहले गंडई के रेस्ट हाउस में एकत्रित हुए, जहां से केंद्रीय मंत्री के विरोध में नारों के साथ एक विशाल रैली पुतले के साथ निकाली गई। हाथों में इस्तीफे की मांग वाली तख्तियां लिए कांग्रेसी जैसे ही तिरंगा चौक पहुंचे, वहां प्रदर्शन और भी उग्र हो गया। महिला कांग्रेस की नेत्रियों ने केंद्रीय मंत्री के पुतले के मुंह पर कालिख पोती और विरोध स्वरूप जूते-चप्पलों की बौछार कर दी। अंत में पेट्रोल डालकर पुतला दहन किया गया। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच जमकर झूमाझटकी हुई। पुलिस ने पुतला दहन रोकने की हर संभव कोशिश की, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं के भारी आक्रोश के आगे उनकी एक न चली। इस प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस जिंदाबाद के नारों से पूरा इलाका गूंज उठा, वहीं भाजपा की नीतियों को जमकर कोसा गया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष शत्रुहन चंदेल, पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो, चेतन देवांगन, हेमलता ठाकुर, रूखमणी देवांगन, पार्षद दिलीप आगरे, तामेश्वर साहू, अमन सोनी, संजु चंदेल, रमेश साहू, रणजीत चंदेल, शैलेन्द्र जायसवाल, अमित टंडन, मोहसिन खान, सूरज नामदेव, नारायण चतुर्वेदी, क्रांति ताम्रकार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बोला तीखा हमला

महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष श्रीमती आरती महोबिया ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि नाबालिग बच्चियों के शोषण जैसे घोर निंदनीय मामले में केंद्रीय मंत्री का नाम आना बेहद शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक तरफ बेटी बचाओ का ढोंग करती है और दूसरी तरफी मंत्री का नाम ऐसे गंभीर मामलों में सामने आ रहा हैं। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि उन्हें तत्काल पद से हटाया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस्तीफा नहीं होता है, तो आने वाले समय में और भी उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# मिठाई-नमकीन की जांच, 5 नमूने अमानक

- पर्व के मद्देनजर दो दिनों तक चली जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

होली पर्व के मद्देनजर जिले में मिलावटी एवं असुरक्षित खाद्य पदार्थों पर नियंत्रण के लिए खाद्य व औषधि प्रशासन विभाग ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशानुसार लगातार दो दिनों तक टीम ने विभिन्न मिठाई एवं नमकीन प्रतिष्ठानों में सघन जांच अभियान चलाया।

उपसंचालक आशीष शर्मा, अभिहित अधिकारी सिद्धार्थ पांडेय की मौजूदगी में खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक धृतलहरे ने शहर के मानव मंदिर स्वीट, जलाराम स्वीट, जनता स्वीट, बीकानेर राजेश्वरी स्वीट, श्री बीकानेर स्वीट, गंडई के राजपुरोहित बीकानेर स्वीट सहित कई प्रतिष्ठानों से कचौड़ी, मोतीचूर के लड्डू, बेसन लड्डू, खोवा, पेड़ा, फाफड़ा, गुझिया, रसमलाई, अंजीर कतली, केला चिप्स और अन्य खाद्य सामग्री का नमूने लिया।



### नमूने प्रयोगशाला भेजे गए

कार्रवाई दौरान दो विधिक व 18 सर्विलांस नमूने जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया। वहीं चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा मौके पर ही 65 सर्विलांस नमूनों की जांच की गई, जिसमें 60 नमूने मानक के अनुरूप पाए गए जबकि 5 नमूने अवमानक मिले। जांच में पाए गए अखाद्य रंग युक्त अमानक खाद्य पदार्थों को मौके पर ही नष्ट करवाया गया। अधिकारियों ने सभी व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं 2011 के तहत स्वच्छता बनाए रखने तथा गुणवत्ता मानकों का पालन करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रतिष्ठानों की खाद्य लाइसेंस एवं पंजीयन की जांच की गई, जो वैध पाए गए। इस दौरान सहायक खाद्य अधिकारी संजय ठाकुर सहित विभागीय टीम मौजूद रही। विभाग ने स्पष्ट किया है कि आम नागरिकों को सुरक्षित व शुद्ध खाद्य उपलब्ध कराने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# सट्टा, तीसरा आरोपी भी पकड़ा गया

**राजनांदगांव।** सट्टा मामले में पुलिस ने एक आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की है। इससे पूर्व दो आरोपियों पर कार्रवाई की जा चुकी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 20 फरवरी को मुखबीर की सूचना पर गौरीशंकर पेट्रोल पंप के पास पहुंचकर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी अरविंद रंगारी 36 वर्ष को पकड़े। जिससे पूछताछ पर अजय यादव एवं आदर्श जैन उर्फ अप्पी जैन को सट्टा-पट्टी व रकम देना बताया था। आरोपियों के खिलाफ छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 06 एवं 112 बीएनएस कायम कर प्रकरण में अजय यादव 40 साल को 20 फरवरी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस के मुताबिक प्रकरण में तीसरा आरोपी आदर्श जैन उर्फ अप्पी जैन 51 साल जनता कॉलोनी को पतासाजी कर पूछताछ किया गया, जो अरविंद रंगारी निवासी पावर हाउस राजनांदगांव से सट्टा-पट्टी व रकम को अपने मोबाइल में प्राप्त करना स्वीकार किया। जिसके कब्जे से एक नग मोबाइल जब्त कर 27 फरवरी को मामले में विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।

# संत सम्मेलन में आज सीएम साय आएंगे कबीरमठ नादिया



**राजनांदगांव।** डोंगरगांव क्षेत्र के कबीरमठ धाम नादिया में श्री कबीर साहेब मठ ट्रस्ट एवं समस्त ग्रामवासी नादिया के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम अखिल भारतीय सद्गुरू कबीर संत सम्मेलन में कल 1 मार्च को दोपहर 12 बजे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। आयोजन में मुख्यमंत्री के अलावा सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव, भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश गांधी और क्षेत्रीय विधायक दलेश्वर साहू, भोलाराम साहू भी मौजूद रहेंगे। कबीरमठ धाम नादिया के धर्माधिकारी सत्येंद्र साहेब एवं सचिव गिरवर दास ने बताया कि तीन दिवसीय अखिल भारतीय कबीर संत सम्मेलन और फाल्गुन महोत्सव पहले दिन सदगुरु कबीर साहेब की पूजा-अर्चना कर भजन-कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# मवेशियों की तस्करी, दो आरोपियों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला केसीजी पुलिस टीम द्वारा 2 आरोपियों को 4 नग मवेशी के साथ पकड़ा गया। जिनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। जिला केसीजी पुलिस टीम को थाना गातापार क्षेत्रांतर्गत 25 फरवरी को पशु तस्करी करते आरोपी सदाराम घोरमरे 60 साल और मोहन लाल 60 साल ग्राम मनेरी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश को 4 नग मवेशी को खैरागढ की ओर से सड़क के रास्ते कत्लखाना ले जाते हुए चेक पोस्ट गातापार में 4 नग भैंस को क्रूरतापूर्वक पैर एवं गला में रस्सी बांधकर बिना चारा-पानी के लाठी डंडा से मारते कत्लखाना नागपुर महाराष्ट्र ले जाते पाए जाने पर आरोपियों के कब्जे से 4 भैंस जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर धारा 4, 6, 10 छग कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 एवं पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 का धारा-11 का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। विवेचना कार्रवाई उपरांत सभी गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आदेशानुसार न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

# कोमल जंघेल ने कहा : मेरे खिलाफ रचा गया षड्यंत्र



**छुईखदान।** पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने दैहिक शोषण के आरोपों को निराधार और राजनीतिक षड्यंत्र बताया है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बिना शिकायत और बिना एफआईआर के उनके खिलाफ सोशल मीडिया और कुछ समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित कर उनकी राजनीतिक छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया। श्री जंघेल ने कहा कि थाने में दैहिक शोषण की रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है इसके बाद भी लगातार चार दिनों तक एफआईआर दर्ज होने की खबरें चलाई गई। उन्होंने इसे सुनियोजित साजिश बताते हुए कहा कि कुछ लोग उनकी बढ़ती राजनीतिक लोकप्रियता से घबराकर उन्हें बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। पूर्व विधायक ने अपने राजनीतिक सफर का उल्लेख करते हुए कि वह 1986 से संगठन में सक्रिय हैं। अब तक पांच बार चुनाव लड़कर दो बार विधायक बन चुके है। क्षेत्र में किसान नेता के रूप में पहचान रखते हैं। उन्होंने कहा कि वह भाजपा ओबीसी मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य हैं। श्री जंघेल ने आरोप लगाया कि पूरे घटनाक्रम के दौरान पुलिस ने आधिकारिक खंडन जारी नहीं किया, जिससे भ्रम की स्थिति बनी रही। श्री जंघेल ने कहा कि किसी भी जनप्रतिनिधि के साथ इस प्रकार की घटना नहीं होना चाहिए। इस मामले में किसान समिति ने एफआईआर की खबरों का खंडन किया है।

प्रो. क्र.-198/26
पे.ता.- 24/03/26

### मुकदमें के फैसले के बारे में समन्स

(व्यवहार प्रक्रिया संहिता, आदेश 5 नियम 1 और 5)
वाद क्रमांक MACT-445/25

**न्यायालय-(पी.एस. मरकाम) अष्टम मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

**आवेदक**-भावना साहू वगै., **अनावेदक**- डीकेश्वर कुमार उर्फ डी. के. सहारे वगै., **बनाम-1. डीकेश्वर कुमार** उर्फ डी.के. सहारे आ. छन्नू लाल सहारे, उम्र-24 वर्ष निवासी-म.नं.- 146, वार्ड नं-08, ग्राम धुपसाल पोस्ट- छुरिया, थाना- गैंदाटोला, तह. छुरिया, जि.-राजनांदगांव (छ.ग.)। **2. दुबेन्द्र गंधर्व** आ. लक्ष्मण गंधर्व, उम्र- 45 वर्ष निवासी म.नं.-210 वार्ड नं.-12, ग्रान व पोस्ट - साल्हे टोला, व्याहा छुरिया, थाना- गैंदाटोला, तह. छुरिया, जि.- राजनांदगांव (छ.ग.) 491558.

क्योंकि वादी / आवेदक ने आपके विरुद्ध आवेदन पत्र वास्ते अंतर्गत धारा 166 मो. या. अधि. 1988 संशोधित अधि. 1994 का वाद प्रस्तुत किया है, आपको इस समंस द्वारा आदेशित किया जाता है कि आप इस न्यायालय में पेशी दिनांक 24 माह 03 सन् 2026 को सुबह 11 बजे स्वयं या ऐसे किसी प्लीडर /अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐस सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिया है कि आप उस दिनांक को अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों जो आपके अभिरक्षा या शक्तियों में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है और आप यदि किसी अन्य दस्तावेज समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं, तो आप ऐसे दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपावन जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त बतायी गई तिथि को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे तो वाद की सुनवाई और निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

**आज दिनांक 25/02/26 को न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।**

**(पी.एस. मरकाम)**
**अष्टम मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण**
**जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

प्रो. क्र.-197/26
पे.ता.- 24/03/26

### मुकदमें के फैसले के बारे में समन्स

(व्यवहार प्रक्रिया संहिता, आदेश 5 नियम 1 और 5)
वाद क्रमांक MACT-444/25

**न्यायालय-(पी.एस. मरकाम) अष्टम मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

**आवेदक**-नंदिनी गोंड़ वगै., **अनावेदक**- डीकेश्वर कुमार उर्फ डी. के. सहारे वगै., **बनाम-1. डीकेश्वर कुमार** उर्फ डी.के. सहारे आ. छन्नू लाल सहारे, उम्र-24 वर्ष निवासी-म.नं.- 146, वार्ड नं-08, ग्राम धुपसाल पोस्ट- छुरिया, थाना- गैंदाटोला, तह. छुरिया, जि.-राजनांदगांव (छ.ग.), 491558, **2. दुबेन्द्र गंधर्व** आ. लक्ष्मण गंधर्व, उम्र- 45 वर्ष निवासी म.नं.-210 वार्ड नं.-12, ग्राम व पोस्ट - साल्हे टोला, व्याहा छुरिया, थाना- गैंदाटोला, तह. छुरिया, जि.- राजनांदगांव (छ.ग.) 491558.

क्योंकि वादी / आवेदक ने आपके विरुद्ध आवेदन पत्र वास्ते अंतर्गत धारा 166 मो. या. अधि. 1988 संशोधित अधि. 1994 का वाद प्रस्तुत किया है, आपको इस समंस द्वारा आदेशित किया जाता है कि आप इस न्यायालय में पेशी दिनांक 24 माह 03 सन् 2026 को सुबह 11 बजे स्वयं या ऐसे किसी प्लीडर /अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐस सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिया है कि आप उस दिनांक को अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों जो आपके अभिरक्षा या शक्तियों में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है और आप यदि किसी अन्य दस्तावेज समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं, तो आप ऐसे दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपावन जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त बतायी गई तिथि को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे तो वाद की सुनवाई और निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

**आज दिनांक 25/02/26 को न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।**

**(पी.एस. मरकाम)**
**अष्टम मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण**
**जिला-दुर्ग (छ.ग.)**



# शराब : दर्जनभर से अधिक पकड़ाए

**राजनांदगांव।** होली पर्व को लेकर पुलिस अलर्ट है। जिसके तहत अवैध रूप से शराब बिक्री एवं सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने के मामले में बसंतपुर पुलिस ने 15 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाए जाने हेतु पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर तथा नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के मार्गदर्शन में थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना क्षेत्रांतर्गत अवैध शराब कोचिया, असामाजिक तत्वों एवं सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने वालों के विरुद्ध 28 फरवरी को व्यापक कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार मुखबीर सूचना पर बायपास मोहारा के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करते पाए जाने पर आरोपी पप्पू साहू 18 वर्ष 8 दिन निवासी दुर्गा चौक लखोली के कब्जे से 30 पौवा देशी मदिरा मसाला शराब जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।



## घुमका पुलिस की कार्रवाई

पुलिस सूत्रों के अनुसार घुमका थाना क्षेत्र अंतर्गत 27 फरवरी को पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम कलडबरी दसवां मील में फुडहर झाड के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु छिपाकर रखा है, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपी द्वारा फुडहर झाड के पास छिपाकर रखे बोरी में 44 पौवा सवा शेरा देशी प्लेन कीमती 3520 रुपए को जब्त किया। आरोपी हेमंत साहू 23 साल निवासी शांतिनगर वार्ड के विरूद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट अपराध पंजीबद्ध कर आज न्यायालय में पेश कर जेल वारंट प्राप्त होने पर जेल दाखिल किया गया।

## सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन

इसी तरह थाना क्षेत्र के मोहारा बायपास एवं विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने-पिलाने तथा आम स्थान पर शराब सेवन करते पाए जाने पर आरोपी खिलेश्वर उर्फ सोनू रजक 26 वर्ष निवासी लखोली, दिनेश ढीमर 45 वर्ष निवासी चौखडियापारा, ऋषभ यादव 26 वर्ष निवासी नंदई, उत्तम भोजवानी 32 वर्ष निवासी चौखडियापारा, सुभाष साहू 36 वर्ष निवासी इंदिरा नगर, संस्कार खुराना 26 वर्ष निवासी इंदिरा नगर, दुलीचंद वर्मा 37 वर्ष निवासी इंदिरा नगर, दशरथ ढीमर 22 वर्ष निवासी इंदिरा नगर, दयाशंकर 55 वर्ष निवासी इंदिरा नगर, कीर्तन यदु 45 वर्ष निवासी चौखडियापारा, अमन राय 30 वर्ष निवासी चौखडियापारा, राजेन्द्र साहू 60 वर्ष निवासी लेबर कॉलोनी, मोहित यादव 22 वर्ष निवासी नंदई, दिलीप यादव 43 वर्ष निवासी नंदई के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

# होलिका दहन 3 को

**राजनांदगांव।** 150 साल से चली आ रही परंपरागत होली का उत्सव इस वर्ष भी पुरानी गंज मंडी गंज लाइन बालाजी परिसर में धूमधाम से मनाई जाएगी। समिति के सदस्यों ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। बताया जाता है कि बालाजी मंदिर परिसर में होली का उत्सव राजवाड़ा के समय से परंपरागत तरीके से विधि-विधान से मनाई जाती है। शुभ मुहूर्त में ही होलिका दहन किया जाता है। सिद्धपीठ बालाजी महाराज मंदिर व बाल समाज परिवार के साथ होली का उत्सव समिति के अध्यक्ष मनीष खंडेलवाल, संयोजक दामू भूतड़ा व श्री बालाजी मंदिर के महाराज हनुमान प्रसाद ने बताया कि इस वर्ष ग्रहण की वजह से होली का दहन तीन तारीख मंगलवार सुबह पहट 5 बजकर 40 मिनट को किया जाएगा। सदस्यों ने विशेष तैयारी की है। होलिका दहन के पूर्व आकर्षक आतिशबाजी किया जाएगा। उसके बाद आसपास के लोग पूजा सामग्रियों के साथ होलिका की पूजा करेंगे। साथ ही मन वांछित कामना करते हैं। दो मार्च प्रातःकाल से संध्या 5.55 बजे तक ठंडी (डंडा) होली का आयोजन भी रखा गया है। जिसमें सभी श्रद्धालुजनों को उपस्थित होने की अपील समिति के आयोजकों ने की है।












## खबर संक्षेप

### जिले के तीन बॉलबैडमिंटन खिलाड़ियों का चयन भारतीय बॉल बैडमिंटन टीम हेतु

**हरिभूमि कवर्धा।** भारतीय बॉल बैडमिंटन के 5 देशों की टेस्ट सीरिज की श्रृंखला लगातार चल रही है, जिसके अगले कड़ी इंडिया-मलेशिया बॉल बैडमिंटन टेस्ट सीरिज हेतु बालिका वर्ग में कवर्धा के क्षमानिधी जांगड़े, लता साहू एवं बालक वर्ग में बंटी चंद्रवंशी का चयन किया गया। इससे पहले यह बॉल बैडमिंटन टेस्ट सीरिज भारत और इंडोनेशिया में आयोजित की जा चुकी है, जिसमे कवर्धा से रिया तिवारी और रामू सिंह ने हिस्सा लिया और स्वर्ण पदक हासिल किया था उसी कड़ी में मलेशिया टेस्ट सीरिज हेतु उक्त खिलाड़ी बंटी चंद्रवंशी, क्षमानिधि जांगड़े और लता साहू का चयन किया गया है। यह चयन प्रतियोगिता दिल्ली के विकासपूरी मैदान में 7 से 9 अक्टूबर तक रखी गई थी, जिसमे भारत के सभी राज्य के 173 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमे चयन कर्ताओं का ध्यान कवर्धा के बंटी चंद्रवंशी, क्षमानिधी जांगड़े और लता साहू पर गया और उसका चयन इंडिया-मलेशिया बॉल बैडमिंटन टेस्ट सीरिज के लिए किया गया। यह इंडिया-मलेशिया बॉल बैडमिंटन टेस्ट सीरिज मलेशिया के पुचोंग-कैरी आइलैंड सेलांगोर में आयोजित की गई है, जो 26 फरवरी से 4 मार्च तक आयोजित की गई है। इस प्रतियोगिता के लिए पूरे भारत से 10 बालक एवं बालिका खिलाड़ी का चयन किया गया है जिसमें छत्तीसगढ़ से 4 उसमे कवर्धा से 3 खिलाड़ी बंटी चंद्रवंशी क्षमानिधी जांगड़े लता साहू का चयन किया है। बॉलबैडमिंटन खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिले के पदाधिकारियों व कोच एवं खिलाड़ियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



### चंद्रनाहू युवा कुर्मी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश चंद्रवंशी का कवर्धा पहुंचने पर किया भव्य स्वागत



**हरिभूमि कवर्धा।** चंद्रनाहू युवा कुर्मी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार शनिवार को राकेश चंद्रवंशी कवर्धा स्थित कुर्मी छात्रावास पहुंचे, जहां समाज के युवाओं ने फूल-माला और आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया। इस दौरान कबीरधाम प्रेस क्लब के अध्यक्ष सूर्या चंद्रवंशी का भी सामाजिक लोगो ने स्वागत कर दोनों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। दोनों के नियुक्ति से समाज में हर्ष का माहौल है, नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राकेश चंद्रवंशी ने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी चुनौती भी है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ दायित्व का निर्वहन करेंगे। उनका उद्देश्य समाज के युवाओं शैक्षणिक और को संगठित कर उन्हें सामाजिक, आगे बढ़ाना रहेगा साथ ही सामाजिक गतिविधियों से युवाओं को जोड़ना तथा समाज को एकजुट कर प्रगति की दिशा में आगे बढ़ाने का दावा किया।

### युवाओं ने संभाली लोकतंत्र की कमान, विकसित भारत युवा संसद सम्पन्न



**हरिभूमि स/लोहारा।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा शासकीय महाविद्यालय सहसपुर लोहारा माय भारत, एनएसएस के संयुक्त तत्वाधान में विकसित भारत एक दिवसीय युवा संसद कार्यक्रम 2026 का सफल आयोजन संपन्न किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक दायित्वों एवं राष्ट्रीय चेतना के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि युवा संसद जैसे मंच युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया को समझने, अपने विचार अभिव्यक्त करने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। प्रमुख अतिथि राजेंद्र चंद्रवंशी ने आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए भारतीय लोकतंत्र की मजबूती, संविधान की महत्ता एवं नागरिक अधिकारों की रक्षा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का मुख्य विषय आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक रहा, जिस पर जिले के विभिन्न महाविद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# होली से पहले बोड़ला ब्लॉक के 26100 अन्नदाताओं को मिली 97 करोड़ की एक मुस्त राशि, सुशासन सरकार का बड़ा उपहारः रामकुमार भट्ट

- अंतर की राशि सिर्फ घोषणा नहीं, मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन का सशक्त प्रमाण है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶बोड़ला

कृषक उन्नति योजना के तहत धान अंतर की राशि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बिलासपुर जिले के बिल्हा में आयोजित राज्य स्तरीय वृहद किसान सम्मेलन में कृषक उन्नति योजना के तहत 24 लाख 28 हजार से अधिक किसानों के खातों में 10 हजार 324 करोड़ रुपए की आदान सहायता राशि (धान के अंतर की राशि) सीधे ट्रांसफर कर दी। रिमोट दबाकर इस राशि का वितरण किया गया, ताकि होली से पहले किसान परिवार खुशी-खुशी त्यौहार मना सकें।

यह राशि धान की खरीदी पर एमएसपी से अधिक राज्य द्वारा तय 3100 रुपए प्रति क्विंटल के अंतर को पूरा करती है। पिछले दो वर्षो में योजना के तहत 25 हजार करोड़ से अधिक दिए जा चुके हैं और इस बार की किस्त से कुल 35 हजार करोड़ का आंकड़ा पार हो जाएगा। इसी कड़ी में बोड़ला के मंगल भवन में भी समारोह पूर्वक किसानों को अंतर की राशि का प्रमाण पत्र वितरण कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष व सभापति कृषि स्थाई समिति रामकुमार भट्ट ने कहा यह अंतर की राशि सिर्फ घोषणा नहीं, मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन का सशक्त प्रमाण है। जिसके चलते बोड़ला ब्लॉक के 26100 किसानों को 97,80,95,646 करोड़ रुपए सीधे किसानों के खाते में एकमुस्त डाली गई। जिससे कृषि और कृषक दोनों की उन्नति हो सके, श्री भट्ट ने कहा होली से पहले अन्नदाताओं को विष्णु देव सरकार की सुशासन का बड़ा उपहार है, उन्होंने किसानों को केंद्र व राज्य सरकार की कृषि से संबंधित अनेक योजनाओं की जानकारी दी साथ ही सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसानों से आग्रह किया। कार्यक्रम में नपं अध्यक्ष विजय पाटिल, नरेश साहू, मनीराम साहू, मोहन कश्यप, प्रहलाद पटेल, रूप सिंह, लालचंद साहू, कपूर ठाकरे, छत्तर सिंह भगत, सुखलाल मेरावी, अशोक वर्मा, चैतराम वर्मा, लालाराम यदु, सहित बड़ी संख्या में किसान सोसायटी के अध्यक्ष, कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### ये वादा निभाने वाली विष्णु देव साय की सरकार हैः नितेश




किसानों को संबोधित करते हुए भाजपा जिला महामंत्री नितेश अग्रवाल ने कहा ये वादा निभाने वाली विष्णु देव साय की सरकार है जो कहती है वह करती है। श्री अग्रवाल ने कहा 6 फरवरी तक धान खरीदी की गई, करीब 22 दिन में ही 28 फरवरी को किसानों के खाते में लगभग सौ करोड़ो रुपए एक मुस्त अंतर की राशि किसानों के खाते में अंतरित की गई है, जो किसानों के लिए बड़ी उपलब्धि है।

### भाजपा सरकार में खुशहाल हुए है किसानः रामकिंकर

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद अध्यक्ष श्रीमती बालाका बाई के प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा ने कहा पूर्व में भूपेश बघेल सरकार में किसान चिंतित थे, अब भाजपा सरकार में किसानों के चेहरे पर चमक है। किसानों को पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम विष्णु देव साय पर भरोसा है, उनके अनाज की एक एक दाने कीमत मिल रही है।

## जंगलपुर-लालपुर तक बहुप्रतीक्षित सड़क की मिली सौगात

# विधायक ने 4.75 करोड़ की लागत से निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

पंडरिया विधायक भावना बोहरा के निरंतर प्रयासों और डबल इंजन भाजपा सरकार में पंडरिया विधानसभा के वर्षो से बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो रही है। शनिवार को विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने ग्राम जंगलपुर में 4 करोड़ 75 हजार रुपए की लागत से निर्मित होने वाले 4.10 किलोमीटर लंबे बहुप्रतीक्षित जंगलपुर-लालपुर सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को बधाई दी। विधायक भावना बोहरा ने कहा कि आज का यह दिन वनांचल और आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। 4 करोड़ 75 लाख रुपए की लागत से होने वाले सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन पंडरिया विधानसभा में विकास, विश्वास और उज्जवल भविष्य की मजबूत नींव है। वनांचल एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के विकास को नई गति देते हुए जनता की इस बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करने के लिए हमने जो प्रयास किया, आज वह सफल होते देखना अत्यंत सुखद है। पंडरिया विधानसभा के वनांचल क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पानी जैसे मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ ही अधोसंरचना निर्माण से वनांचल क्षेत्र विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहें हैं। यह भाजपा की विकासपरक सोच, मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति और जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण है। उन्होंने कहा कि इस सड़क के निर्माण से अब वनांचल क्षेत्र सहित आस-पास के कई गांव इससे लाभान्वित होंगे। जनता को सुगम व सुरक्षित आवागमन सुविधा मिलने के साथ ही यहां व्यपारिक एवं व्यावसयिक गतिविधियों में वृद्धि होगी और क्षेत्र का आर्थिक विकास सुनिश्चित होगा। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने इन क्षेत्रों को विकास की प्राथमिक सूची में सबसे ऊपर रखा है। सड़क निर्माण का यह कार्य केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि वनांचल क्षेत्र में निवासरत परिवारों को सम्मान और अधिकार दिलाने का माध्यम, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने का आधार और शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा तक पहुंच सुनिश्चित करने का सशक्त जरिया है। वर्तमान समय मे पंडरिया विधानसभा अंतर्गत लगभग 400 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर हैं और कुछ पूर्ण हो चुके हैं बाकी सड़कें भी जल्द ही पूर्ण हो जाएगी। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित थें।

### लगातार सड़क, अधोसंरचना और ग्रामीण विकास के कार्य हो रहे



भावना बोहरा ने कहा की आज कच्चे रास्तों की जगह पक्की सड़कों का निर्माण, अंधेरे गांवों में बिजली, दूरस्थ अंचलों में स्वास्थ्य सुविधा और स्कूलों तक सुगम पहुंच, यह सब भाजपा की कार्य आधारित राजनीति का परिणाम है। पंडरिया विधानसभा में लगातार सड़क, अधोसंरचना और ग्रामीण विकास के कार्य हो रहे हैं। भाजपा सरकार का में वनांचल, आदिवासी, किसान, युवा और महिला सबके लिए समान अवसर हैं। सड़कें बनेंगी तो व्यापार बढ़ेगा, रोजगार आएगा, गांव मजबूत होंगे और आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार होगा। हमारा प्रयास ग्रामीणों के सशक्तिकरण के सतब ही उन्हें रोजगार व सर्वसुविधा उपलब्ध कराने के लिए हम निरंतर प्रयास कर रहे हैं।

## सात दिवसीय रासेयो शिविर में सम्मानित हुए : हेमधर साहू



- ग्रामीणों को बीडी-सिगरेट, शराब सेवन नही करने संकल्प दिलाया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

हेमचन्द यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के अंतर्गत शासकीय नवीन महाविद्यालय रिसाली, शासकीय आदर्श महाविद्यालय धनोरा, डॉ खूबचंद बघेल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई-3, अपोलो कॉलेज अंजोरा के 200 स्वयंसेवकों ने संयुक्त रूप से 18 से 24 फरवरी तक राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन, पोटिया कला स्थित हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के नवीन परिसर में किया। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय-दशरंगपुर विकासखण्ड कवर्धा के व्याख्याता एएलटी-स्काउटर हेमधर साहू को सांस्कृतिक कार्यकम व जन-जागरण अभियान गतिविधियों में मार्गदर्शन हेतु विशेष तौर आमंत्रित किया गया था।

हेमधर साहू 21 फरवरी को एनएसएस के उद्देश्य व नशामुक्त समाज के लिए युवा, नशा मुक्त समाज के लिए भारत पर कार्य की योजना बनाई। प्रातः जागरण रैली निकालकर, जय जगत-जय जगत, गीत गाते हुए माता तालाब के पास के ग्रामीण जनों को एकत्रित कर, स्वच्छता की शपथ दिलाई। एनएसएस ध्वजारोहण व लक्ष्यगीत से परियोजना कार्य अंतर्गत 10 समूह में स्वयंसेवकों को नवीन विश्वविद्यालय परिसर के घास-फूस, झाडियों को हटाकर, साफ-सुथरा किया गया, जिससे भारी मात्रा में कचरा एकत्र हुआ, जिसे कचरों की होली नाम देकर, छठवें दिवस ग्रैण्ड कैम्प फायर में चारों दिशाओं के शुभ संदेशों के मध्य, जलाकर, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति कर, कल्चरल एक्सचेंज किया गया। हेमधर साहू ने एक दिवसीय शिविर के कान्सेप्ट को स्वयंसेवकों को बताने हेतु, पार्षद हिरौंदी चंदानिया के वार्ड के तालाब में योगा व ध्वजारोहण से कार्यकम प्रारंभ करते हुए, स्वयंसेवकों ने तालाब के हाथ में पानी लेकर, जल संरक्षण, जल है तो जीवन है, जल है, तो कल है का शपथ लिया, सघन स्वच्छता अभियान चलाया।

वहीं नुक्कड-नाटक के साथ साथ ग्रामीणों को बीडी-सिगरेट, शराब, नहीं पीने-गुटखा नहीं खाने का संकल्प दिलाया। वहीं समापन समारोह की मुख्य अतिथि नगर पालिक निगम-दुर्ग की महापौर अलका बाघमार ने हेमधर साहू के सामंजस्य बिठाने के शैली की सराहना की तथा केवल तीन दिवसों में चार महाविद्यालयों के स्वयंसेवकों को सर्वश्रेष्ठ मार्गदर्शन कर, राष्ट्रीय सेवा योजना को उंचाई प्रदान करने तथा शासन की योजना को जन-जन तक पहुंचाने व सेवाकार्य करते हुए स्वयंसेवक, अपने व्यक्तित्व का विकास के लिए प्रेरित करने एवं स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा, नशा उन्मूलन व पर्यावरण संरक्षण के लिए जन-जागरण अभियान के बेहतरीन कार्य हेतु, व्याख्याता, एएलटी स्काउटर हेमधर साहू को हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलपति डॉ संजय तिवारी व कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप, दुर्ग विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक, प्राध्यापक ने मोमेण्टों, शाल, श्रीफल, पौधा भेंटकर सम्मान किया।

## भालूचुवा में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विज्ञान एवं संस्कृति का आयोजन



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय हाई स्कूल भालूचुवा-बोड़ला में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस-2026 के अवसर पर विज्ञान में महिलाएं विकसित भारत को उत्प्रेरित करना विषय पर आधारित भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन से हुई तत्पश्चात विधिवत कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कृत सेवानिवृत्त शिक्षक आदित्य श्रीवास्तव थे। उनका स्वागत पुष्पीय पौधा, डायरी एवं पेन स्मृति-चिह्न स्वरूप भेंट कर किया गया। अपने उद्बोधन में श्री श्रीवास्तव ने विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज महिलाएं अंतरिक्ष, रक्षा अनुसंधान, चिकित्सा, पर्यावरण विज्ञान एवं तकनीकी नवाचार जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने तथा बालिकाओं को आत्मविश्वास के साथ विज्ञान क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विज्ञान शिक्षिका पूनम तिवारी ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह दिवस महान वैज्ञानिक सीवी रमन की खोज रमन प्रभाव की स्मृति में मनाया जाता है, जिसने भारत को विश्व स्तर पर वैज्ञानिक पहचान दिलाई। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि विज्ञान केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित विषय नहीं, बल्कि हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग है चाहे वह मोबाइल का उपयोग हो, स्वच्छ जल की व्यवस्था, खेती में नई तकनीक या स्वास्थ्य सेवाएं। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर बल दिया कि विकसित भारत का निर्माण तभी संभव है जब बेटियां विज्ञान और शोध के क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रश्न पूछने, प्रयोग करने और जिज्ञासु बने रहने का आह्वान किया। उनके प्रेरक शब्दों ने विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और वैज्ञानिक सोच को सुदृढ़ किया। कार्यक्रम में शिक्षक साथी मंजू कुर्रे, तरुणा नामदेव, भूमिका देशमुख तथा व्यसनारायण वर्मा (प्रधान पाठक) की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन पूनम तिवारी द्वारा किया गया, कार्यक्रम के अंत में संकुल समन्वयक अखिलेश मिश्रा द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि विज्ञान केवल विषय नहीं, बल्कि सोचने का तरीका है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण हमें अंधविश्वास से दूर रखता है और सत्य, तर्क एवं प्रमाण के आधार पर निर्णय लेना सिखाता है। उन्होंने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक आयोजनों को निरंतर जारी रखने की बात कही। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान मॉडल, भाषण, कविता, रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया गया। विजेता एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कार स्वरूप प्रशस्ति पत्र, फाइल फोल्डर, रंगीन पेंसिल, पेन एवं चॉकलेट प्रदान किए गए। कार्यक्रम ने विद्यालय में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया तथा विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति नई जागरूकता और उत्साह का वातावरण निर्मित किया।

## ग्रामवासियों व अभिभावकों ने नए भवन निर्माण की मांग की

# स्कूल भवन जर्जर, पंचायत भवन में लग रही कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत भटरूसे में शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला भवन जर्जर हो जाने के कारण छात्र-छात्राओं की कक्षाएं वर्तमान में ग्राम पंचायत भवन में संचालित की जा रही हैं। स्कूल भवन की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि उसमें बच्चों को बैठाकर पढ़ाना सुरक्षित नहीं माना जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दीवारों में दरारें, छत की खराब स्थिति और कमजोर ढांचा किसी भी समय हादसे को न्योता दे सकता है। ऐसी स्थिति में मजबूरन बच्चों को पंचायत भवन में पढ़ाई करनी पड़ रही है। हालांकि पंचायत भवन में सीमित संसाधन हैं और स्कूल जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। अपना अलग स्कूल भवन होने से बच्चों को बेहतर वातावरण, बैठने की समुचित व्यवस्था और शैक्षणिक गतिविधियों के लिए पर्याप्त स्थान मिलता है, लेकिन वर्तमान परिस्थिति में छात्र-छात्राओं को असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि विकास की बात तो की जाती है, लेकिन बच्चों की शिक्षा के लिए सुरक्षित भवन तक उपलब्ध नहीं है। यदि समय रहते नया भवन निर्माण नहीं कराया गया तो भविष्य में कोई गंभीर घटना भी घट सकती है। ग्रामवासियों एवं अभिभावकों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला के लिए शीघ्र नए भवन का निर्माण कराया जाए, ताकि बच्चों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण में शिक्षा



## डॉ. नारायण साहू बने जिला मीडिया सह प्रभारी



**हरिभूमि कवर्धा।** भाजपा संगठन जिला कबीरधाम में संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए डॉ नारायण साहू को उनकी उत्कृष्ट संगठनात्मक कार्यशैली, व्यापक अनुभव एवं कार्य-कुशलता को देखते हुए पार्टी में नई जिम्मेदारी जिला भाजपा मीडिया सह प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया। डॉ श्री साहू इससे पूर्व विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों में उल्लेखनीय दायित्व निभा चुके हैं। वे जिला साहू समाज कबीरधाम में जिला महामंत्री तथा जिला भाजपा ओबीसी मोर्चा कबीरधाम में भी जिला महामंत्री के पद पर रहते हुए समाजसेवा एवं जनसेवा में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। इसके साथ ही अन्य कई महत्वपूर्ण संगठनों में विशेष पदों पर रहकर उन्होंने कबीरधाम जिले में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। अपने सरल स्वभाव, स्वच्छ छवि और मजबूत नेतृत्व क्षमता के लिए पहचाने जाने वाले डॉ नारायण साहू पार्टी और समाज दोनों के बीच एक विश्वसनीय एवं लोकप्रिय व्यक्तित्व के रूप में जाने जाते हैं। नई जिम्मेदारी मिलने पर उन्होने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय एवं जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष बने शिव प्रसाद वर्मा



**कवर्धा।** जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम में संगठनात्मक विस्तार के तहत शिव प्रसाद वर्मा को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति पार्टी की नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करने तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से की गई है। शिव प्रसाद वर्मा लंबे समय से कांग्रेस संगठन से जुड़े हुए हैं और विभिन्न संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। सामाजिक सरोकारों एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर उनकी निरंतर सक्रियता और अनुभव को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व प्रदान किया है। जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके मनोनयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए विश्वास जताया है कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। नवनियुक्त उपाध्यक्ष शिव प्रसाद वर्मा ने शीर्ष नेतृत्व एवं जिला अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

### लायंस क्लब ने किया गौ भोज का आयोजन



**कवर्धा।** गौमाता की सेवा कार्यक्रम की दूसरी कड़ी में लायंस क्लब के तत्वावधान में शुक्रवार 27 फरवरी को एमजेएफ लायन प्रेमचंद श्रीश्रीमाल के फॉर्महाउस में स्थित गौशाला में 40 गौ माताओं को हलवा पूरी का आहार खिलाया गया। लायन प्रेमचंद ने बताया कि इस गौशाला में 40 गाएं हैं, उन्हें एक शेड के नीचे रखा गया है, जहाँ ऊपर पँखे लगाए गए हैं। इन गायों की देखभाल के लिए एक केयरटेकर रखा गया है और इन्हें अच्छा चारा खिलाया जाता है। प्रेमचंद ने बताया कि उनके अग्रज प्रकाश श्रीश्रीमाल परिवार द्वारा बेमेतरा के निकट ग्राम बेरला में भी एक गौशाला स्थापित की गई है, जहाँ इनकी सेवा सुश्रुषा की जाती है। यह भी बताया कि इसी के साथ निराश्रित पशुओं के इलाज के लिए एक पशु चिकित्सालय भी शीघ्र ही शुरू किया जायेगा। सेवा कार्यक्रम में लायन प्रेमचंद सहित सुशीला श्रीश्रीमाल, आनंदप्रकाश दानी, धनसुख पटेल, अजय गुप्ता, मनोज कुमार ठाकुर, रेखराज मूंदड़ा, शेरसिंह पाली, बीपी शर्मा, ज्ञानचंद जैन, हरदीप सलूजा उपस्थित थे।

### कवर्धा नगर में सजी नगाड़ों की दुकानें

**कवर्धा।** होली पर्व पर नगाड़ों की थाप और फाग गीतों का अपना ही आनंद है और हर बार की तरह इस बार भी इस आनंद को दो गुना करने के लिए नगर के बाजार में नगाड़ों की दुकाने सज चुकी है। जहां शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण अंचलों के लोगों द्वारा जमकर छोटे-बड़े नगाड़ों की खरीदी की जा रही है।

**समस्या:** सकरी सड़कों पर अतिक्रमण से आवागमन हो रहा बाधित, जिम्मेदार बेपरवाह

# होलिका दहन और होली से पहले नगर के बाजार में अव्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नगर में आगामी 3 मार्च को होलिका दहन और 4 मार्च को होली पर्व को लेकर बाजारों में हर वर्ष की तरह इस बार भी रौनक बढ़ने लगी है। रंग-गुलाल, पिचकारी, पूजन सामग्री और अन्य होली से संबंधित सामानों की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ बाजारों में उमड़ रही है। लेकिन इस उत्साह के बीच नगर के प्रमुख बाजार क्षेत्रों में भारी अव्यवस्था देखने को मिल रही है, जिसका सीधा असर यातायात और आमजन के आवागमन पर पड़ रहा है। नगर का मुख्य बाजार मार्ग ऋषभदेव चौक से लेकर नवीन बाजार तक पहले से ही काफी संकरा है। इस मार्ग पर प्रशासन द्वारा बार-बार चेतावनी देने के बावजूद दुकानदारों द्वारा सड़क के किनारे तक अपनी दुकानें सजा दी जाती हैं। इससे सामान्य दिनों में भी लोगों को आने-जाने में कठिनाई होती है, वहीं त्योहारी सीजन में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। वर्तमान में होली पर्व को देखते हुए इस मार्ग के दोनों ओर अस्थायी दुकानों की भरमार हो गई है। रंग, अबीर, गुलाल, पिचकारी और पूजन सामग्री बेचने वाली दर्जनों दुकानें सड़क किनारे लगाई गई हैं। कई स्थानों पर दुकानों के कारण सड़क की चौड़ाई और कम हो गई है, जिससे दोपहिया और चारपहिया वाहनों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। इससे न केवल जाम की स्थिति बन रही है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई है। केवल मुख्य बाजार ही नहीं, बल्कि शहर के अन्य क्षेत्रों में भी यही स्थिति देखने को मिल रही है। सड़कों के किनारे अस्थायी दुकानों की कतार लगने से यातायात व्यवस्था पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गई है। पहले से ही बढ़ते वाहनों के दबाव से जूझ रहे नगर में इस प्रकार का अतिक्रमण समस्या को और गंभीर बना रहा है। हैरानी की बात यह है कि इस अव्यवस्था के बावजूद नगर पालिका प्रशासन और यातायात विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। न तो अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है और न ही यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। इससे आम नागरिकों में प्रशासन के प्रति नाराजगी भी देखी जा रही है। नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि होली जैसे प्रमुख त्योहारों के दौरान बाजार क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाए, अतिक्रमण हटाया जाए और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाया जाए, ताकि लोग सुरक्षित और सुगमता से त्योहार की खरीदारी कर सकें।

### प्रशासन को निर्धारित करना चाहिए स्थान





नगरवासियों का मानना है कि नगर की स्थिति-परिस्थिति और अव्यवस्था को देखते हुए तीज त्यौहार के मौके पर प्रशासन को दीपावली पर्व की तरह संबंधित दुकानदारों को एक निर्धारित स्थान उपलब्ध कराना चाहिए जहां सभी संबंधित दुकानदार अपनी दुकाने एक स्थान पर ही लगा सकें। माना जा रहा है कि इस व्यवस्था से न सिर्फ नगर की व्यवस्था प्रभावित होगी बल्कि दुकानदारों और खरीददारों को भी एक ही स्थान पर सभी उपयोगी सामग्री उपलब्ध हो पाएगी।

## महिला कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का पुतला फूंका



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा के निर्देश तथा छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष फूलों देवी नेताम के आदेशानुसार जिला मुख्यालय कबीरधाम में महिला कांग्रेस ने जोरदार धरना-प्रदर्शन किया।श्रीमती ममता चंद्राकार राष्ट्रीय महासचिव एवं महिला कांग्रेस जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सीमा अनंत के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में एपस्टीन फाइल्स में केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का नाम आने के विरोध में पुतला दहन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने इस प्रकरण की कड़ी भर्त्सना करते हुए इसे गंभीर मामला बताया और केंद्रीय मंत्री से तत्काल इस्तीफे की मांग की। महिला कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि यह घटना माफी योग्य नहीं है तथा नैतिकता के आधार पर संबंधित मंत्री को पद छोड़ देना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की गई। धरना-प्रदर्शन में मुख्य रूप से श्रीमती ममता चंद्राकार, श्रीमती नारायणी टोंडर, श्रीमती शारदा सोनवानी (ब्लॉक अध्यक्ष), श्रीमती सीता ध्रुव (पार्षद), रचना कोसले, वतन मेरावी, ज्योत्स्ना सत्यवशी, प्रीति ठाकुर, शुकल्या, नीला देवी पोर्टे, सीमा सरिया, सविता झरिया, श्यामवती, शालिनी, दीपिका, रानी चंद्रवंशी, गंगोत्री पनागर, चैती मसीह, पंचबाई, रोशनी खान, सीमा निर्मलकर, दूरपति, रितु पनागर, लता बाई, मंगला अनंत, किरण बाई, रामकुंवर, धनकी, मीना राजपूत, कलावती, क्रांति सेंडरे सहित बड़ी संख्या में महिला पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# ऋण आवेदनों पर बैंक त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें:डीएम

## अनुपस्थित अधिकारियों को शो-कॉज नोटिस देने निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने डीएलसीसी की बैठक में जिले के सभी बैंकों के अधिकारियों को शासन की योजनाओं के तहत आने वाले ऋण आवेदनों पर बिना किसी देरी के त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों के माध्यम से हितग्राहियों को सब्सिडी का लाभ दिलाने के लिए बैंक में ऋण आवेदन भेजे जाते हैं, ऐसे में इन आवेदनों को किसी भी स्तर पर लंबित न रखा जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि किसी आवेदन में दस्तावेज की कमी हो या कोई समस्या हो, तो संबंधित हितग्राही या विभाग को तुरंत जानकारी दें, ताकि कमी को जल्द पूरा किया जा सके और लोगों को समय पर योजना का लाभ मिल सके। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की तिमाही बैठक के दौरान यह निर्देश दिए। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पहले बैंकों में लंबित सभी ऋण आवेदनों का शीघ्र निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र हितग्राही का आवेदन अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रहना चाहिए। बैंकों को शासन की योजना के लिए समन्वय के साथ कार्य करना चाहिए। जिससे आसानी से ऋण प्राप्त हो सके। बैठक के दौरान कलेक्टर ने बैंकों द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा प्रेषित हितग्राही मूलक आवेदनों पर धीमी कार्रवाई और स्पष्ट कारण प्रस्तुत नहीं करने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सभी बैंक अधिकारी अपने पास प्राप्त आवेदनों की पूरी जानकारी रखें तथा यदि कोई प्रकरण लंबित है तो उसका स्पष्ट कारण बताएं। बिना किसी वाजिब कारण के आवेदनों को लंबित रखना गंभीर लापरवाही माना जाएगा। कलेक्टर ने लीड बैंक मैनेजर सुधीर बट्टा को निर्देशित किया कि वे सभी बैंक अधिकारियों की बैठक लेकर लंबित प्रकरणों की समीक्षा करें। साथ ही लंबित रहने के कारणों का पता लगाकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें और 15 दिवस के भीतर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। कलेक्टर श्री वर्मा ने बैठक में बिना अनुमति के अनुपस्थित रहे बैंक अधिकारियों पर कड़ी नाराजगी जताते हुए उन्हें शो-कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बैठक में अनुपस्थिति और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि तिमाही बैठक के पहले सभी बैंक अधिकारियों की अलग से बैठक आयोजित की जाए और तय एजेंडा के अनुसार कार्रवाई कर अद्यतन जानकारी रखी जाए, ताकि योजनाओं का लाभ समय पर हितग्राहियों तक पहुंच सके। उन्होंने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और लक्ष्य के अनुरूप कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में आरबीआई से एलडीओ अविनाश टोप्पो, लीड बैंक मैनेजर सुधीर बट्टा, सहित विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# सरकारी राशन नहीं मिलने की कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



जिले के विकासखण्ड स. लोहारा अंतर्गत ग्राम गौरझूमर क्षेत्र में राशन वितरण को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाया है और इस मामले की लिखित शिकायत जिला प्रशासन के मुखिया से करते हुए कार्यवाही तथा लंबित राशन दिलाने की मांग की है।

ग्रामीणों का आरोप है उन्हें जनवरी माह का राशन अब तक वितरित नहीं गया है, जबकि शासन स्तर से आवंटन जारी होने की जानकारी दी जा रही है। राशन नहीं मिलने से नाराज बड़ी संख्या में ग्रामीण, कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और प्रशासन के खिलाफ आक्रोश जताया। ग्रामीणों का कहना है कि उचित मूल्य दुकान का संचालन कर रहे समूह ने जनवरी महीने का खाद्यान्न वितरण नहीं किया है। जब हितग्राही दुकान पर जानकारी लेने पहुंचे तो वहां मौजूद सेल्समेन ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया इससे लोगों में असंतोष और बढ़ गया। ग्रामीणों ने बताया कि पहले भी इसी दुकान के संचालन को लेकर लाखों रुपए के गबन का मामला सामने आया था, जिसके बाद संबंधित समूह को हटा दिया गया था इसके बावजूद दोबारा वितरण में गड़बड़ी की शिकायतें सामने आने पर लोगों ने प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं इस संबंध में जिला खाद्य अधिकारी चंद्रशेखर देवांगन ने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी। यदि शिकायत सही पाई जाती है तो तत्काल राशन वितरण सुनिश्चित किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मॉडिफाइड बुलेट साइलेंस लगाकर वाहन चलाने पर कड़ी कार्रवाई

- माननीय न्यायालय द्वारा दिया गया 14 हजार रुपए का अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



जिला पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार चलाए जा रहे वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक नाबालिग लड़के को मॉडिफाइड साइलेंसर लगे बुलेट वाहन को सार्वजनिक सड़क पर चलाते हुए पकड़ा गया। जांच करने पर यह पाया गया कि संबंधित वाहन बिना बीमा एवं बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र के चलाया जा रहा था, जो यातायात नियमों का गंभीर उल्लंघन है। मामले में यातायात पुलिस द्वारा इस्तगासा तैयार कर इस प्रकरण में नाबालिग के अभिभावक को माननीय न्यायालय द्वारा 9000 रूपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। वहीं विधि से संघर्षरत नाबालिक बालक को माननीय किशोर न्यायालय द्वारा 5000 रूपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। कबीरधाम पुलिस द्वारा स्पष्ट संदेश दिया जाता है कि किसी भी प्रकार के वाहन में मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर वाहन चलाना गैरकानूनी है और इससे आम जनता को अनावश्यक शोर एवं परेशानी होती है। साथ ही नाबालिग द्वारा वाहन चलाना स्वयं के साथ-साथ दूसरों की जान जोखिम में डालने जैसा गंभीर अपराध है। ऐसे मामलों में आगे भी बिना किसी रियायत के कड़ी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। आम नागरिकों से अपील है कि वे अपने नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति न दें, अपने वाहनों के सभी दस्तावेज पूर्ण रखें और किसी भी प्रकार का गैरकानूनी संशोधन न कराएं। नियम तोडऩे वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर चित्रकारी प्रतियोगिया का आयोजन

- प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त विद्यार्थी हुए पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



जिले के शासकीय हाई स्कूल छिरहा में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस को यादगार बनाने के लिए छात्र-छात्राओं के बीच चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता के माध्यम से विज्ञान के विभिन्न पहलुओं एआई, सौर ऊर्जा, डीएनए, माइक्रोस्कोप, चुम्बक, मिसाइल, डॉ. सीवी रमन, भविष्य की तकनीक, पर्यावरण संरक्षण, अंतरिक्ष विज्ञान आदि को चार्ट पर प्रदर्शित किया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि यह दिन महान भारतीय वैज्ञानिक सर सीवी रमन द्वारा रमन प्रभाव के खोज की स्मृति में मनाया जाता है। विज्ञान केवल एक विषय नहीं, बल्कि जीवन जीने का एक तार्किक नजरिया है। विज्ञान केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे सोंचने और तर्क करने के तरीके में है। उन्होंने कहा कि आज का युग तकनीक और नवाचार का है, इसलिए छात्रों को तार्किक क्षमता बढ़ाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। ऐसे आयोजनों का मुख्य उद्देश्य छात्रों के भीतर छिपी वैज्ञानिक प्रतिभा को निखारना और उनमें नवाचार के प्रति रुचि जगाना है। प्रतियोगिता के अंत में प्रथम स्थान के लिए गुंजन दिवाकर एवं द्वितीय स्थान हेतु आल्या दिवाकर को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी, व्याख्याता रंजीता माहेश्वरी, वीणाक्षी नामदेव एवं छात्र-छत्राएं उपस्थित थीं।

**चंद्रनाहु कुर्मी क्षत्रिय समाज झलमला उपक्षेत्र की मासिक बैठक सम्पन्न**

# प्री-वेडिंग, नशापान व रात्रिकालीन डीजे पर सख्ती, उल्लंघन पर लगेगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



विकासखंड कवर्धा के ग्राम चचेडी स्थित महामाया मंदिर प्रांगण में चंद्रनाहु कुर्मी क्षत्रिय समाज (कवर्धा राज) अंतर्गत झलमला उपक्षेत्र की मासिक बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम जी के तैलीय चित्र के समक्ष पूजा-अर्चना, माला एवं श्रीफल अर्पित कर तथा जय शिवाजी, जय पटेल के उद्घोष के साथ किया गया।

उपक्षेत्र के सचिव सुदर्शन चंद्रवंशी ने उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों का परिचय कराया। इसके पश्चात उपक्षेत्र अध्यक्ष भूपेंद्र चंद्रवंशी ने अपने संबोधन में समाज में प्री-वेडिंग कार्यक्रमों पर पूर्ण प्रतिबंध की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्री-वेडिंग भारतीय संस्कृति का हिस्सा नहीं है तथा विवाह एक पवित्र संस्कार है, जिसे पाश्चात्य प्रभाव से विकृत नहीं होने दिया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्री-वेडिंग नियम का उल्लंघन करने पर सामाजिक व्यक्तियों से 21 हजार रुपये तथा समाज के पदाधिकारियों से 51 हजार रुपये सामाजिक सहयोग राशि के रूप में दंड लिया जाएगा। इसके अलावा जन्मोत्सव एवं विवाह समारोह में मदिरापान व नशापान को पूर्णतः वर्जित करने का निर्णय लिया गया। डीजे वाद्ययंत्र के उपयोग की अनुमति केवल दिन के समय रहेगी, जबकि रात्रि में डीजे बजाने पर 51 हजार रुपये का सामाजिक दंड लगाया जाएगा।

समाज में आदर्श विवाह को प्रोत्साहित करने, विवाह तय होने पर वर-वधु का अनिवार्य रूप से उपक्षेत्र में पंजीयन कराने तथा विवाह में जूता छिपाने की प्रथा को पूर्णतः बंद करने का भी निर्णय लिया गया। साथ ही यह भी तय किया गया कि माता-पिता की अनुमति के बिना या भागकर विवाह करने वाले अथवा समाज की मुख्यधारा से पृथक किए गए व्यक्तियों को किसी भी सामाजिक कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किया जाएगा। बैठक में अध्यक्ष भूपेंद्र चंद्रवंशी, सचिव सुदर्शन चंद्रवंशी, केंद्रीय प्रतिनिधि पुरुषोत्तम चंद्रवंशी, अजय कुमार दिनेश चंद्रवंशी, बलदाऊ चंद्रवंशी, रोहित चंद्रवंशी, अंतू चंद्रवंशी, सिद्धू चंद्रवंशी, कोमल, कृपा सहित क्षेत्रीय पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे।

# जिले के 1.17 लाख किसानों के खाते में पहुंचा 461.82 करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा




मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने होली पर्व से पहले किसानों को बड़ी सौगात देते हुए बिल्हा विकासखंड के ग्राम रहंगी खेल मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह से कृषक उन्नति योजना अंतर्गत प्रदेश के किसानों को आदान सहायता राशि उनके खाते में अंतरित की। इसके अंतर्गत कबीरधाम जिले के 1 लाख 17 हजार 344 किसानों के खाते में कुल 461.82 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की गई। इस अवसर पर कवर्धा जिले के सभी विकासखंड मुख्यालयों में कृषक उन्नति योजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे और किसानों से संवाद किया। कवर्धा के पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, कलेक्टर गोपाल वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य डॉ बीरेन्द्र साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष घुरवाराम साहू, सीताराम चंद्रवंशी, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुषमा गणपत बघेल, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक अग्रवाल, नरेंद्र मानिकपुरी, भुनेश्वर चंद्राकर उप संचालक कृषि अमित मोहंती सहित बड़ी संख्या में किसान और अधिकारी उपस्थित थे।